कार्यालय जनपद न्यायाधीश, कानपुर नगर ।

सूचना

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पत्रांक 10403/2019/Admin 'G-I' Dated: 08th August, 2019 के अनुपालन में, जनपद न्यायालय, कानपुर नगर में विशेष महानगरीय मजिस्ट्रेट के रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु प्रार्थना-पत्र आमंत्रित किये गये हैं। दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-13 के अनुसार पात्र व्यक्ति इस हेतु आवेदन कर सकते हैं। आवेदन निर्धारित प्रारुप पर पिछले पांच साल की चरित्र पंजिका की प्रविष्टियों के साथ प्रस्तुत किया जाना है। प्रार्थनापत्र का प्रारुप माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के वेबसाइट www.allahabadhighcourt.in अथवा इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। पूर्व में माननीय जनपद न्यायाधीश, कानपुर नगर के आदेशानुसार आवेदन पत्र दिनांक **12.09.2019** तक ही स्वीकार किये जाने का आदेश पारित किया गया था। उक्त तिथि को दिनांक **21.09.2019** तक विस्तारित किया जाता है। इसके पश्चात कोई आवेदन-पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

इस सूचना की प्रति मय प्रारुप आवेदन पत्र नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जावे तथा राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय स्तर के विभिन्न समाचार पत्रों को निःशुल्क प्रकाशन हेतु भेजी जावे।

जनपद न्यायाधीश
जनपद न्यायाधीश
कानपुर नगर
13 SEP 2019

प्रतिलिपिः

1: अध्यक्ष/महामंत्री, कानपुर बार एसोसिएशन, कानपुर नगर ।

2: अध्यक्ष/महामंत्री, दि लायर्स एसोसिएशन, कानपुर नगर ।

3: जनसूचना अधिकारी, कानपुर नगर ।

4: प्रभारी अधिकारी नजारत को राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय स्तर के विभिन्न समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन के लिए तथा नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

5: प्रभारी अधिकारी कम्प्यूटर/नोडल ऑफीसर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।